# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549

: 09792987700

e-mail : dnpggkp@gmail.com

website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक : 26.05.2025

## प्रकाशनार्थ

### निजी विद्यालयों में 'सहायक शिक्षक' पद हेतु कैम्पस प्लेसमेंट का आयोजन

**दिनांक 26.06.2025 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय, गोरखपुर एवं 'ऑल इन वन कंसल्टेंसी सर्विस', धर्मपुर, गोरखपुर के सयुंक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के बी.एड. विभाग में निजी विद्यालयों में 'सहायक शिक्षक' पद हेतु कैम्पस प्लेसमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

**उक्त कार्यक्रम में विभाग के 40 प्रशिक्षु साक्षात्कार हेतु उपस्थित हुए**, जिनमें से 23 विद्यार्थियों का चयन 300000.00 से 400000.00 रुपये के वार्षिक पैकेज पर गोरखपुर शहर एवं उसके आस–पास के विभिन्न प्रसिद्ध निजी शिक्षण–संस्थानों में शिक्षण कार्य हेतु हुआ। **साक्षात्कार ऑल इन वन कंसल्टेंसी सर्विस के निदेशक श्री गोविन्द पाण्डेय, ऋचा मिश्रा, कोऑर्डिनेटर सेंट थॉमस स्कूल, गोरखपुर एवं महेन्द्र प्रताप, निदेशक एम.एस.वाई. होलसलूशन प्राइवेट लिमिटेड, गोरखपुर के द्वारा किया गया।**

इस अवसर पर विभाग के प्रभारी प्रो. (डॉ) शुभ्रा श्रीवास्तव, प्रो. (डॉ) अरुण कुमार तिवारी, डॉ. सुभाष चंद्र, श्री राकेश कुमार सिंह, श्री प्रदीप कुमार यादव एवं श्रीमती शालिनी पारिक उपस्थित रहे।

**(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह**

प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क